हिन्दुस्तान
नई दिल्ली • गुरुवार • 13 फरवरी 2020 •

एक्वा लाइन की मेट्रो में जन्मदिन मना सकेंगे

सौगात

नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

एक्वा लाइन पर चल रही ग्रेटर नोएडा मेट्रो के कोच के अंदर लोग अब जन्मदिन या प्री-वेडिंग पार्टी भी कर सकेंगे। इसके लिए 5 से 10 हजार रुपये प्रति घंटे की दर से मेट्रो कोच को बुक किया जा सकता है। इस तरह के कार्यक्रम करने के लिए करीब 15 दिन पहले नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के कार्यालय में आवदेन करना होगा।

अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो कोच के अंदर सजावट एनएमआरसी करेगी। पॉलिसी लागू कर दी गई है। आवेदनकर्ता एक से लेकर चारों कोच तक बुक कर सकते हैं। 10 हजार प्रति घंटे वाले शुल्क में एनएमआरसी कोच के अंदर खुद सजावट करेगी। मेट्रो कोच बुक करने की सुविधा पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर मिलेगी। इसके लिए 20 हजार रुपये सिक्योरिटी मनी जमा करनी होगी। कार्यक्रम के बाद इस सिक्योरिटी राशि वापस कर दी जाएगी।

योजना

- कोच की बुकिंग 5 से 10 हजार रुपये प्रति घंटे की दर से होगी
- कार्यक्रम आयोजन के लिए करीब 15 दिन पहले आवेदन देना होगा

आवेदनकर्ताओं को दो तरह की सुविधा दी जाएंगी। यदि वह चलती मेट्रो में अपना जन्मदिन मनाना चाहते हैं तो वह मेट्रो संचालन के समय पार्टी कर सकते हैं। यदि वह बिना संचालन वाले समय में पार्टी करना चाहते हैं तो वे रात 11 से सुबह 2 बजे तक पार्टी कर सकते हैं। लेकिन एक बार में 50 से ज्यादा लोग शामिल नहीं हो सकते हैं।